राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर 302013

क्रमांक प.10(छ) (12)/ म.आ./वा.चा.फा./डी एल बी/16/ ५८ दिनांक ५/८/२०१९

विज्ञप्ति

राज्यस्तरीय नगरपालिका सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 30.12.2015 को विज्ञप्ति संख्या 01 जारी कर वाहन चालक फायर कम फायर मशीन ऑपरेटर के 193 रिक्त पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 06.02.2016 तक आमंत्रित किये गये थे। विज्ञप्ति में दिये गये पदनाम एवं शैक्षणिक योग्यता को माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा एस.बी.सिविल रिट पिटीशन संख्या 1335/2016 एवं अन्य समान याचिकाओं में पारित आदेश दिनांक 04.08.2016 एवं याचिका संख्या 1874/2016 में पारित आदेश दिनांक 11.09.2018 द्वारा अमान्य किया है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में वाहन चालक (अग्निशमन) पद की चयन प्रक्रिया नगरपालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा नियम 1963 में अंकित प्रावधानानुसार की जा रही है।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के उक्त आदेशों की अनुपालना में वाहन चालक (अग्निशमन) पदों की आगामी चयन प्रक्रिया राजस्थान नगरपालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा नियम 1963 में दिये गये प्रावधानानुसार संपादित की जा रही है। जिसके संबंध में विस्तृत विज्ञप्ति विभागीय वेबसाईट www.lsg.urban.rajasthan.gov.in & www.cmar.india.org पर अपलोड कर दी गयी है।

(अलका मीणा)
सचिव, सेवा चयन आयोग